भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में लेखाकार के रिक्त पदों को भरने हेतु संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा , 2025 के माध्यम से चुने गए अभ्यर्थियों के लिए सूचना :-

कुल 180 अभ्यर्थियों का नामांकन भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में लेखाकार पद हेतु संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2025 के माध्यम से किया गया है ।

2. लेखाकार के पदों पर चयनित किए गए अभार्थियों का आवंटन विभिन्न राज्यों में अवस्थित विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में उनके द्वारा भरे गये राज्य प्राथमिकता एवं उनके अंतिम परिणाम में प्राप्त मेधा के आधार पर किया जाता है ।

3. संबन्धित पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के राज्यों का आवंटन कम्प्युटर पद्धति के आधार पर होगा ।इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत के नियत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) पर उपलब्ध है ।इस विभाग में नामित सभी अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर दी गयी सूचना देखें एवं अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबन्धित वांछित जानकारी (URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर) भरें । ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया **पुनः 8 जून 2026** से प्रारम्भ होगी तथा **22 जून 2026** तक जारी रहेगी ।

4. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि अपेक्षित ऑनलाइन सूचना भरने से पहले सावधानीपूर्वक सूचना को पढ़ें ।विवरण भरने के बाद, अभ्यार्थियों को परामर्श दिया जाती है कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी (एक प्रति), राज्य की प्राथमिकता (एक प्रति) एवं सत्यापन फॉर्म (दो प्रति) संबन्धित वांछित जानकारी की प्रिंट कर लें ।उसी हार्ड कॉपी को स्व हस्ताक्षरित करके इस कार्यालय को **6 जुलाई 2026** तक पहुंचना अनिवार्य है ।

5. लिफाफे के ऊपर बायीं तरफ **परीक्षा का नाम (CGLE-2025)** और **पद का नाम (लेखाकार)** का उल्लेख करें ।व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबन्धित वांछित जानकारी की स्व हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी को '"Speed Post" से इस पता पर भेजें:-

श्री सुमित कुमार
सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय
9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली - 110124